दिनांक : 20.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में बिल गेट्स से प्रौद्योगिकी, नवाचार और स्थिरता सहित कई मुद्दों पर की चर्चा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में 2 हजार 489 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना का करेंगे भूमि-पूजन।
- सेबी ने बिना दावे की वित्तीय परिसंपत्तियों के मुद्दे को हल करने के लिए डिजिलॉकर के साथ की भागीदारी।
- दो दिवसीय नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन आज से भोपाल में।

पीएम-बिल गेट्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स से भेंट की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने श्री गेट्स के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रौद्योगिकी, नवाचार और स्थिरता सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

श्री गेट्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत के विकास, वर्ष 2047 तक विकसित भारत के मार्ग और स्वास्थ्य, कृषि, यांत्रिक मेधा और अन्य क्षेत्रों में प्रगति के बारे में चर्चा की।

नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले के तराना में 2 हजार 489 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। परियोजना से क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों तराना, घट्टिया के कुल 83 ग्रामों की 27 हजार 490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले के 17 ग्रामों की 2 हजार 728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

किसान वार्ता-शिवराज

पंजाब के किसान और केन्द्र तथा राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच तीसरे दौर की वार्ता चंडीगढ़ में कल सकारात्मक रूप से संपन्न हुई। तीन घंटे से अधिक चली चर्चा में किसानों की मांगों के विभिन्न कानूनी, आर्थिक और अन्य आयामों पर चर्चा की गई। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों का हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और वह उनके कल्याण के मुद्दों को हल करने के लिए नियमित नीतिगत हस्तक्षेप कर रही है।

भीम-यूपीआई लेनदेन

सरकार ने कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक-पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रपति-रामनाथ पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यांत्रिक मेधा दुनिया में बडा बदलाव ला रही है और पत्रकारिता सहित कई क्षेत्रों में नए अवसर तथा नई चुनौतियां पैदा कर रही है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में 19वें रामनाथ गोयनका पत्रकारिता उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में यह बात कही। उन्होंने डीप फेक और यांत्रिक मेधा के दुरुपयोगों के खतरे के बारे में सभी नागरिकों को संवेदनशील बनाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने

कहा कि रामनाथ गोयनका पुरस्कारों ने भारतीय पत्रकारिता में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ाने और लोकतंत्र की जड़ों को समृद्ध करने की प्रक्रिया में योगदान दिया है।

सेबी-डिजिलॉकर

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बिना दावे की वित्तीय परिसंपत्तियों के मुद्दे को हल करने के लिए डिजिलॉकर के साथ भागीदारी की है। यह पहल निवेशकों को डिजिलॉकर के माध्यम से अपने डीमैट और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स की जानकारी संग्रहीत करने और उस तक पहुँचने में सक्षम बनाती है। इस पहल के माध्यम से, सेबी और डिजिलॉकर निवेशक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वित्तीय रिकॉर्ड तक निर्बाध पहुँच की सुविधा प्रदान करके, यह तंत्र दावा न किए गए परिसंपत्तियों को कम करने में मदद करता है और उन परिसंपत्तियों की पहचान सुनिश्चित करता है जो अन्यथा किसी की नज़र में नहीं आ सकती हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन

सरकार ने 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन भारत अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बनाई है। अगर सब कुछ सही रहा तो वर्ष 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में कहा कि चंद्रयान-4 को दो प्रक्षेपण यानों के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि इस साल के अंत तक एक महिला रोबोट के साथ गगनयान की परीक्षण उड़ान शुरू की जाएगी।

सेमिनार ऑन हैप्पीनेस

राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा आज कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सेमिनार में शामिल होंगे। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रतिभागी भाग लेंगे। सेमिनार का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय आनंद दिवस पर किया जा रहा है, जिसका समापन 21 मार्च को होगा।संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आशीष कुमार ने बताया कि दो दिवसीय सेमिनार के दौरान आनंद के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा सत्र आयोजित किये गये हैं। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में आनंद गतिविधियों से जुड़े संगठन और स्वयंसेवी सम्मिलित हो रहे है।

आरबीआई बैंक

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शहरी सहकारी बैंकों को सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर खतरों के खिलाफ परिचालन के लिहाज से अनुकूलित बने रहने की सलाह दी है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। गवर्नर ने चुनिंदा शहरी सहकारी बैंकों के अध्यक्षों, प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। बैठक में राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त और विकास निगम लिमिटेड और राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक और ऋण समितियों के संघ लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा आज शाम मानसरोवर सभागार में फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज डिन्डोरी में बलिदान स्थल बालपुर में आयोजित वीरांगना महारानी अवंती बाई के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- आगर मालवा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का आयोजन आज एवं 21 मार्च को कंपनी गार्डन छावनी में किया जाएगा।
- अशोकनगर में रंग पंचमी पर कल लाखों श्रद्धालुओं ने करीला में मॉ जानकी के मंदिर में मत्था टेककर आर्शीवाद लिया।
- निवाड़ी में जिला स्तरीय नशामुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशामुक्ति पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को जिले के पवई, शाहनगर, गुनौर एवं ककरहटी पहुंचकर निर्माणाधीन सीएम राइज बीबीस्कूल का निरीक्षण किया।
- छतरपुर में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने लवकुशनगर ब्लॉक में क्रियान्वित जल जीवन मिशन के तहत लवकुशनगर समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का निरीक्षण किया।
- नर्मदापुरम जिले में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में सेवा प्रदान ना किए जाने पर तहसीलदारों, अतिरिक्त तहसीलदार और नायब तहसीलदारों कुल पांच पर अर्थदंड लगाया गया है।
- जबलपुर हाई कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि वर्ष 2018 की शिक्षक चयन प्रक्रिया में नियुक्त हो चुके उम्मीदवारों को प्रभावित न किया जाए, लेकिन 2023 के चयन के लिए राज्य सरकार पूरक चयन प्रक्रिया अपनाएं और उन सभी उम्मीदवारों को उसमें शामिल करें, जो इस आदेश के तहत लाभ पाने के हकदार हैं।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के विभागीय कार्यों की विकासखण्ड झाबुआ, रामा और राणापुर की समीक्षा की गयी।
- खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन कल एवं 22 मार्च को किया जाएगा।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कल हरिपुर पंचायत के ग्राम महाराजपुरा स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेव्लपमेंट इंस्टीट्यूट का दौरा किया।

-------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब .

(1) नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले के तराना में 2 हजार 489 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। परियोजना से क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों तराना, घट्टिया के कुल 83 ग्रामों की 27 हजार 490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले के 17 ग्रामों की 2 हजार 728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

(2) सेमिनार ऑन हैप्पीनेस

राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा आज कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सेमिनार में शामिल होंगे। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रतिभागी भाग लेंगे। सेमिनार का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय आनंद दिवस पर किया जा रहा है, जिसका समापन 21 मार्च को होगा।संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आशीष कुमार ने बताया कि दो दिवसीय सेमिनार के दौरान आनंद के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा सत्र आयोजित किये गये हैं। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में आनंद गतिविधियों से जुड़े संगठन और स्वयंसेवी सम्मिलित हो रहे है।

..................